कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / दा.आ. / 2024 / 1963 रायपुर, दिनांक 12/9/24

सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (CG SET) 2024 के प्रश्न पत्र के मॉडल उत्तर जारी करने के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक **21.07.2024** को छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा **(CG SET) 2024** द्वितीय पाली अपरान्ह में परीक्षा 08 जिला मुख्यालय में आयोजित की गई थी।

उपरोक्त पात्रता परीक्षा के **Paper II Subject : Library & Informations Science** के मॉडल उत्तर व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर दिनांक **12/09/2024** को प्रदर्शित किया जा रहा है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा–आपत्ति दिनांक**19/09/2024,** अपरान्ह **3.00** बजे तक अपने व्यापम प्रोफाइल में लॉगिन कर दावा–आपत्ति टैब में जाकर दावा–आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। **डाक एवं स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किये गये दावा–आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर पर अभ्यर्थी को दावा–आपत्ति दर्ज करने हेतु प्रति प्रश्न रू. 50/– दावा–आपत्ति शुल्क का भुगतान करना होगा। बिना शुल्क भुगतान किये दावा–आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होगी। दर्ज किये हुए दावा–आपत्ति विषय विशेषज्ञों द्वारा मान्य होने पर लिया गया शुल्क संबंधित बैंक खाते में वापस कर दिया जायेगा।

पोर्टल पर दावा–आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड डालकर प्रोफाइल में लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा–आपत्ति दर्ज करानी होगी। दावा–आपत्ति दर्ज कराने की विस्तृत प्रक्रिया का मेनुअल दावा–आपत्ति पोर्टल में दिया गया है। कृपया इसका भलीभाँति अध्ययन कर लें। दावा–आपत्ति को पोर्टल पर पंजीकृत कराने से पूर्व आपत्ति के पक्ष में दिये जाने वाले दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी अपलोडिंग हेतु तैयार रखें एवं आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर इसकी पावती भी डाउनलोंड कर लेवें।

नियत दिनांक एवं निर्धारित समय के पश्चात् पोर्टल पर दावा–आपत्ति स्वीकार नहीं होंगे। बिना प्रमाण का दावा–आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। प्राप्त दावा–आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विषय विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा। दावा–आपत्ति के सम्बन्ध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

पृ.क्र. / व्यापम / दा.आ. / 2024 / रायपुर, दिनांक ....

प्रतिलिपि–

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी, (चिप्स) स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं उक्तानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित ।
2. प्रधान संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र– कृपया उक्त सूचना को परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर